प्रादेशिक समाचार
22.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

देश भर में आज से जीएसटी की नई दरें लागू हो गयी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि इससे प्रत्येक परिवार को पैसे बचाने में मदद मिलेगी।

**********************

जीएसटी दरों में कटौती के बाद हजारीबाग जिले में भी उत्साह का माहौल है। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। इससे समाज के हर तबके को लाभ मिलेगा।

**********************

राज्य सरकार प्रदेश के उन विद्यार्थियों के लिए दिल्ली में छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराएगी, जो वहां रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। इसकी घोषणा राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने की है। मंत्री श्री लिंडा ने रांची स्थित संत जेवियर्स कॉलेज में ट्राइबल सोसाइटी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि मीणा समुदाय के अधिकारियों ने दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में अपने समाज के छात्रों के लिए एक भवन का निर्माण कराया है, जिससे प्रेरणा लेकर झारखंड सरकार ने भी यह कदम उठाने का निर्णय लिया है।

**********************

रांची के जाने–माने बिल्डर कमल भूषण हत्याकांड में सिविल कोर्ट ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्याययुक्त आनंद प्रकाश की अदालत ने आज यह फैसला सुनाते हुए दोषियों राहुल कुजूर, डब्लू कुजूर, सुशीला कुजूर और काविस अदनान को आजीवन कारावास की सजा दी।

**********************

रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 10 अक्टूबर निर्धारित की है।

**********************

हजारीबाग जिले के बरही में दो चचेरे भाई की मौत चेक डैम में डूबने से हो गई। बताया जाता है कि कल गांव के बच्चे खेलते–खेलते चेक डैम तक पहुंच गए, जिसमें दो भाई डैम में डूब गए और उनकी मौत हो गई। यह घटना दुलमाहा पंचायत के सिंहपुर ओरिया गांव की है।

**********************

गुमला जिले में आदि कर्मयोगी अभियान का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। इसके तहत अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**********************

रांची के खलारी थाना क्षेत्र के निर्मल महतो चौक के पास कल देर रात अपराधियों ने पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी पर अचानक फायरिंग कर दी। फायरिंग में खलारी थाना के हवलदार राम शरीफ शर्मा घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**********************

शारदीय नवरात्र आज से आरंभ हो गए हैं। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के पहले दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। नवरात्रि के पहले दिन राज्य भर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

पाकुड़ जिले में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह है। जिले में तीन दर्जन पूजा पंडाल स्थापित किये गये हैं, जहां मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। नवरात्र के पहले दिन दर्जनों स्थानों से कलश यात्राएं भी निकाली गयीं।

********समाप्त**************